आज महानगर कानपुर, 1 दिसम्बर 2021 11

# 28 दिसंबर को होगा सीएसए का 23 वां दीक्षांत समारोह

(आज समचार सेवा)

कानपुर, 30 नवम्बर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉ. डी.आर. सिंह ने बताया कि सीएसए का 23 वां दीक्षांत समारोह 28 दिसंबर 2021 को होगा। दीक्षान्त समारोह के लिए प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने स्वीकृत भी दे दी है। सीएसए के कैलाश भवन के प्रेक्षागृह में दीक्षान्त समारोह का आयोजन होगा। कुलपति ने बताया कि दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली की महानिदेशक डॉ त्रिलोचन महापात्र होंगे तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के पूर्व उप महानिदेशक (उद्यान) डॉ एच पी सिंह को मानद उपाधि से अलंकृत किया जाएगा। जबकि दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ सर्वेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि 23वें दीक्षांत समारोह में स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी के लगभग 700 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की जाएगी।


डॉ एच पी सिंह


डॉ त्रिलोचन महापात्र

दैनिक भास्कर
बुधवार, 1 दिसंबर, 2021 07

## सार सुर्खियां

### सीएसए का 23 वां दीक्षांत समारोह 28 दिसंबर को

**कानपुर।** सीएसए के कुलपति डॉक्टर डी.आर. सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय का 23 वां दीक्षांत समारोह 28 दिसंबर को होगा। इस कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति प्रदेश की राज्यपाल/कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने दे दी है। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कैलाश भवन प्रेक्षागृह में संपन्न होगा। कुलपति ने बताया कि दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली की महानिदेशक डॉ त्रिलोचन महापात्र होंगे। तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के पूर्व उप महानिदेशक (उद्यान) डॉक्टर एच पी सिंह को मानद उपाधि से अलंकृत किया जाएगा। जबकि दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल/कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ सर्वेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि 23 वें दीक्षांत समारोह में स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी के लगभग 700 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की जाएगी।

दैनिक जागरण कानपुर 01/12/2021

# सीएसए का 23वां दीक्षा समारोह 28 दिसंबर को

**जागरण संवाददाता, कानपुर :** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि (सीएसए) के 23वें दीक्षा समारोह की तिथि तय हो गई है। 28 दिसंबर को संस्थान के सभागार में कुलाधिपति राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) नई दिल्ली के महानिदेशक डा. त्रिलोचन महापात्र करीब 700 छात्र-छात्राओं को उपाधि देंगे और 46 को मेडल प्रदान किए जाएंगे।

सीएसए के कुलपति डा. डीआर सिंह ने बताया कि छात्र-छात्राओं की मेरिट लिस्ट बन गई है। एकेडमिक काउंसलिंग की बैठक में उसे रखा गया है। एक दो दिन में इस सूची को विवि की वेबसाइट पर अपलोड करके आपत्तियां मांगी जाएंगी। आपत्तियों का निस्तारण करने के बाद ही फाइनल सूची जारी की जाएगी। यही नहीं, दीक्षा समारोह में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्व उप महानिदेशक उद्यान डा. एचपी सिंह को भी मानद उपाधि से अलंकृत किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति कुलाधिपति की ओर से मिल गई है। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कैलाश भवन प्रेक्षागृह में होगा।

**700 छात्रों को मिलेगी उपाधि, 46 को मेडल और आइसीएआर के पूर्व उपमहानिदेशक को मिलेगी मानद उपाधि**

### सीएसए का 23 वां दीक्षांत समारोह 28 दिसंबर को

**कानपुर।** सीएसए के कुलपति डॉक्टर डी.आर. सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय का 23 वां दीक्षांत समारोह 28 दिसंबर को होगा। इस कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति प्रदेश की राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने दे दी है। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कैलाश भवन प्रेक्षागृह में संपन्न होगा। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली की महानिदेशक डॉ त्रिलोचन महापात्र होंगे। तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के पूर्व उप महानिदेशक (उद्यान) डॉक्टर एच पी सिंह को मानद उपाधि से अलंकृत किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी। कुलसचिव डॉ सर्वेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि 23 वें दीक्षांत समारोह में स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी के लगभग 700 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की जाएगी।

हिंदुस्तान कानपुर 01/12/2021

### 28 को सीएसए का दीक्षांत, एचपी सिंह को मानद उपाधि



सीएसए का दीक्षांत समारोह 28 दिसंबर को होगा। समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्रा होंगे और अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। 23वें दीक्षांत के लिए राजभवन से अनुमति मिल गई है। सीएसए के मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि यह कैलाश भवन सभागार में संपन्न होगा। कुलपति डॉ. डीआर सिंह ने बताया कि मानद उपाधि भी दी जाएगी। यह उपाधि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के पूर्व उप महानिदेशक (उद्यान) डॉ. एचपी सिंह को दी जाएगी।

# सीएसए का 23वां दीक्षांत समारोह 28 दिसंबर को होगा आयोजित

## दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी

कानपुर( विशाल प्रदेश )सीएसए के कुलपति डॉक्टर डी.आर. सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय का 23 वां दीक्षांत समारोह 28 दिसंबर को होगा इस कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति प्रदेश की राज्यपाल, कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने दे दी है यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कैलाश भवन प्रेक्षागृह में संपन्न होगा कुलपति ने बताया कि दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली की महानिदेशक डॉ त्रिलोचन महापात्र होंगे तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के पूर्व उप महानिदेशक (उद्यान) डॉ. एचपी सिंह को मानद उपाधि से अलंकृत किया जाएगा जबकि दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ सर्वेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि 23वें दीक्षांत समारोह में स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी के लगभग 700 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की जाएगी



News Expert
5 hrs ·

*28 दिसंबर 2021 को होगा, सीएसए का 23 वां दीक्षांत समारोह*
कानपुर नगर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉक्टर डी.आर. सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय का 23 वां दीक्षांत समारोह 28 दिसंबर 2021 को होगा। इस कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति प्रदेश की श्री राज्यपाल/कुलाधिपति महोदया श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने दे दी है। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कैलाश भवन प्रेक्षागृह में संपन्न होगा। कुलपति ने बताया कि दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली की महानिदेशक डॉ त्रिलोचन महापात्र होंगे। तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के पूर्व उप महानिदेशक (उद्यान) डॉक्टर एच पी सिंह को मानद उपाधि से अलंकृत किया जाएगा। जबकि दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता प्रदेश की श्री राज्यपाल/कुलाधिपति महोदया श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी करेंगी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ सर्वेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि 23 वें दीक्षांत समारोह में स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी के लगभग 700 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की जाएगी।





राष्ट्रीय सहारा
कानपुर • बुधवार • 1 दिसम्बर • 2021

# सीएसए का 23वां दीक्षांत समारोह 28 को

कानपुर (एसएनबी)। सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि का 23वां दीक्षांत समारोह 28 दिसंबर को मनाया जायेगा। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्र होंगे। इस अवसर पर आईसीएआर के पूर्व उप महानिदेशक (उद्यान) डॉ. एचपी सिंह को विवि की मानद उपाधि से भी अलंकृत किया जायेगा।

विवि कुलसचिव डॉ. सर्वेन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रदेश की राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में विवि के कैलाश भवन में आयोजित किये जाने वाले दीक्षांत समारोह में स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी के करीब 700 विद्यार्थियों को विभिन्न उपाधियों से नवाजा जायेगा। विवि प्रवक्ता डॉ. खलील खान ने बताया कि कुलपति डॉ. डीआर सिंह के निर्देशन में दीक्षांत समारोह के आयोजन की तैयारी आरंभ कर दी गई है। विभिन्न मेडल्स पाने वाले विद्यार्थियों की सूची भी शीघ्र ही तैयार कर ली जायेगी।





डॉ. त्रिलोचन (ऊपर)
डॉ. एचपी सिंह (नीचे)

पत्रांक : 2

नगर पंचायत
से अधोलिखि